कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है इसी क्रम में मानगो नगर निगम द्वारा विशेष टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया जिसके तहत स्वयं सहायता समूह के सदस्यों एवं मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के लाभुकों को टीका लगाया जा रहा है।

# मानगो निगम ने टीकाकरण के लिए लगाया स्पेशल शिविर



**जमशेदपुर.** मानगो नगर निगम कार्यालय परिसर स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी स्कूल प्रांगण में सोमवार को स्पेशल टीकाकरण शिविर लगाया गया. निगम के कार्यपालक पदाधिकारी दीपक सहाय ने बताया कि नगर विकास एवं आवास विभाग की ओर से स्वयं सहायता समूह के सदस्य, पथ विक्रेताओं एवं मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के लाभुकों को टीका दिलवाया जा रहा है. इस अवसर पर कार्यालय कर्मी राजेश कुमार, मनीष कुमार, नंदी पूर्ति, पुष्पा टोप्पो, ललिता लागुरी, लक्ष्मी, मनोरमा, होली, उर्मिला, गायत्री, शीला, प्रतिमा, तनु, रूबी, मुमताज, रोमानी आदि उपस्थित थे.

नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार